# पुराना टर्मिनल भवन सिंहस्थ से पहले शुरू करने का लक्ष्य

## एयरपोर्ट एडवाइजरी कमेटी की बैठक में निर्णय

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** एयरपोर्ट पर पुराने टर्मिनल भवन के उद्घाटन तथा विस्तार कार्य (फेज़-1 एवं फेज़-2) को उज्जैन सिंहस्थ के पहले पूरा करने का लक्ष्य तय किया गया. साथ ही इंदौर एयरलाइन कंपनियों से अंतरराष्ट्रीय उड़ाने बढ़ाने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए है. खास बात यह कि कस्टम अधिकारियों और कर्मचारियों की यात्रियों से अभद्रता करने पर विशेष चर्चा हुई.

आज सांसद शंकर लालवानी की मौजूदगी में इंदौर विमानतल पर यात्री सुविधाओं के विकास एवं विभिन्न समस्याओं के समाधान को लेकर एयरपोर्ट एडवाइजरी कमेटी की बैठक की गई. बैठक में विमानतल पर चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा तथा भविष्य की योजनाओं पर चर्चा की गई. यात्री सुविधाओं के बढ़ाने, सुरक्षा सुदृढ़ीकरण, पार्किंग व्यवस्था में सुधार, नई उड़ान सेवाओं की शुरुआत, टर्मिनल विस्तार तथा एयर कार्गो सेवाओं के विकास जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श हुआ. बैठक में बताया गया कि एयर कार्गो सेवाओं का विस्तार किया जा रहा है. स्थानीय व्यापारिक संस्थानों के सहयोग से समर्पित कार्गो उड़ान प्रारंभ करने की योजना बनाई गई है. इससे इंदौर और आसपास के क्षेत्रीय व्यापार को गति मिलेगी. साथ ही, पार्किंग व्यवस्था एवं वाहन आवागमन के प्रबंधन को सुदृढ़ करने हेतु स्थानीय पुलिस प्रशासन के सहयोग से नई व्यवस्था लागू करने पर सहमति बनी.

बैठक के अंत में अधिकारियों ने संकल्प लिया कि इंदौर एयरपोर्ट को अधिक आधुनिक, सुविधाजनक एवं पर्यावरण-अनुकूल बनाने हेतु सभी विभाग संयुक्त रूप से समन्वय के साथ कार्य करेंगे. बैठक में सांसद शंकर लालवानी और एयरपोर्ट निदेशक, विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी एवं प्रतिनिधि उपस्थित थे.




### कस्टम प्रक्रिया में सुधार के निर्देश

बैठक में अंतरराष्ट्रीय यात्रियों के आगमन के दौरान कस्टम जांच प्रक्रिया में अनावश्यक औपचारिकताओं एवं कर्मचारियों के व्यवहार से यात्रियों को हो रही असुविधाओं के विषय का मुद्दा भी उठा. उक्त मुद्दे को लेकर सांसद लालवानी ने कस्टम आयुक्त को अवगत कराते हुए निर्देश दिए कि वे ऐसे मुद्दों का शीघ्र समाधान करें. संबंधित कर्मचारियों को संवेदनशील रहकर यात्रियों के साथ विनम्र एवं सहयोगपूर्ण व्यवहार करने का कहें.

### एयरपोर्ट पर यात्रियों के लिए आधुनिक सेवाएं

- वर्क स्टेशन विद चार्जिंग पोर्ट,
- 3-सीटर चेयर विथ चार्जिंग सुविधा,
- 4-सीटर बैठने की व्यवस्था,
- रिक्लाइनर सीटें,
- 45 मिनट की निशुल्क वाई-फाई सुविधा,
- मनोरंजन हेतु टीवी स्क्रीन शामिल हैं.

### सिंगापुर और बैंकॉक उड़ानें होंगी शुरू

बैठक में भविष्य की योजनाओं खास कर एयरलाइन कंपनियों को सिंगापुर और बैंकॉक के लिए नई अंतरराष्ट्रीय उड़ानें शुरू करने पर जोर दिया गया. साथ ही पुराने टर्मिनल भवन के उद्घाटन तथा विस्तार कार्य (फेज़-1 एवं फेज़-2) को उज्जैन सिंहस्थ 2028 से पूर्व पूरा करने का लक्ष्य तय किया गया.

## एक नजर में

### लायंस क्लब इंदौर सिटी का सेवा शिविर



इंदौर. सेवा सप्ताह के अंतर्गत लायंस क्लब इंदौर सिटी ने कनाड़िया ग्राम, इंदौर में एक सेवा शिविर का आयोजन किया, जिसमें क्षेत्र की 6 आँगनवाड़ियों को गोद लिया गया और आवश्यक सामग्री वितरित की गई. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मध्य प्रदेश शासन के कैबिनेट मंत्री एवं स्थानीय विधायक तुलसी सिलावट थे. शिविर के दौरान लगभग 300 आँगनवाड़ी बच्चों को उनकी आवश्यकता अनुसार खिलौने, फिसलपट्टी, झूले, स्कूल बैग, कुर्सियाँ, पानी की बोतलें, अलमारियाँ, कपड़े आदि सामग्री प्रदान की गई. इसके अतिरिक्त, उपस्थित बच्चों, महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों को कैल्शियम, आयरन, जिंक की टैबलेट्स एवं प्रोटीन पाउडर वितरित किए गए. साथ ही, लगभग 500 किशोरी बालिकाओं को भोजन के पैकेट भी प्रदान किए गए. इस सेवा शिविर का लाभ लगभग 1000 स्थानीय लोगों ने उठाया. संचालन पास्ट डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन एस.पी. नामदेव के मार्गदर्शन में हुआ. डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन लायन दिनेश रणधर, लायन संतोष मकवाना और लायन रिंकी जयसिंघानी चुघ के अथक प्रयासों से यह सफलतापूर्वक संपन्न हुआ. कार्यक्रम में लायंस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन अनिल खंडेलवाल, सेवा सप्ताह प्रभारी डॉ. राजेंद्र सोडानी, के.पी. माहेश्वरी, दिलीप माटा, क्लब अध्यक्ष लायन नीतू असाटी, आतिश अग्रवाल, प्रथम गर्ग, अमित गुप्ता एवं विजय भारद्वाज की सक्रिय भूमिका रही. इस अवसर पर पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर जवाहर वियानी, यश शर्मा, सिद्धार्थ बंसल, अशोक गुप्ता, राजेश पाल, नासिर खान सहित लगभग 50 लायन सदस्यों तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के पदाधिकारियों की सहभागिता ने कार्यक्रम को सफल बनाया.

### अवतरण दिवस पर नेत्र शिविर



इन्दौर. दिगम्बर जैन पंच बालयती मंदिर सत्यसाई स्कूल विजय नगर पर आचार्यश्री गुरुदेव विधा सागर महाराज आचार्य समय सागर, महाराज आर्यिका मां ज्ञान मति माता जी के अवतरण दिवस पर आचार्यश्री विनम्र सागर जी महाराज के ससंघ सानिध्य में आचार्यश्री पूजन, निशुल्क नेत्र शिविर, निशुल्क चशमा का वितरण एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन अनुपमा विकास जैन कासलीवाल काला फाउण्डेशन के संयोजन से स्व. अजित कासलीवाल की स्मृति मे शिविर लगाया गया. डॉ. गजराज द्वारा नेत्र परिक्षण किया गया, जिसमें अनेक जन लाभान्वित हुये. ब्रह्मारी सुरेश भैया के निर्देशन से सोशलग्रुप अहिंसा स्कीम 78 ने ब्यवस्था मे पुर्ण रुप से सहयोग प्रदान किया. प्रवीण जैन ने बताया कि इस अवसर इस अवसर पर ब्रह्मचारी जिनेश भैया, धर्मेन्द्र जैन, संजय अहिंसा, राजीव निराला, प्रकाश जैन, वीरेन्द्र जैन, चंद्रेश जैन, सुवोय मरोडा, सुनील जैन आदि उपस्थित रहे.

### बलजिंदर सिंह का बांसुरी कंसर्ट 11 को

इंदौर. इंदौर में पहली बार बांसुरी पर आधारित एक भव्य कंसर्ट आयोजित किया जा रहा है. शहर के जाने-माने बांसुरी वादक बलजिंदर सिंह उर्फ बल्लू अपनी मधुर धुनों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध करेंगे. यह कार्यक्रम 11 अक्टूबर शाम 7.30 बजे लाभ मंडपम, अभय प्रसाल के पास होगा. इंदौर टॉक के सीईओ आशीष तिवारी ने बताया कि बलजिंदर सिंह पिछले 25 सालों से बांसुरी वादन कर रहे हैं. करीब 14 साल बाद वह अपना सोलो कंसर्ट करने जा रहे हैं. उन्होंने कहा, इंदौर टॉक हमेशा शहर की प्रतिभाओं को मंच देने का प्रयास करता है, इसी उद्देश्य से यह लाइव कंसर्ट आयोजित किया जा रहा है. इंदौर टॉक के सीओओ अतुल तिवारी के अनुसार कार्यक्रम करीब डेढ़ से दो घंटे तक चलेगा. बलविंदर सिंह अब तक कई बड़े आयोजनों, विशेष रूप से गरबा महोत्सवों में प्रस्तुति दे चुके हैं। इस बार वे अपने कुछ स्वरचित गीत और धुनें भी पेश करेंगे. उनके साथ 12 कलाकारों की टीम भी प्रस्तुति देगी. तरुण शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम के पास ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से उपलब्ध हैं.

### विधायक कार्यालय सेवा सदन का शुभारंभ




इंदौर. विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 3 के सनातनी विधायक गोलू शुक्ला के विधायक कार्यालय सेवा सदन का शुभारंभ मंत्री तुलसीराम सिलावट, संभाग प्रभारी राघवेंद्र गौतम, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, प्रदेश प्रवक्ता आलोक दुबे ने किया. साथ ही वार्ड क्रमांक 63 में कार बाजार नवलखा पानी की टंकी से विभिन्न कॉलोनियो तक 2 करोड़ रुपए की लागत की नवीन नर्मदा लाइन का भूमिपूजन भी अतिथियों द्वारा किया गया. इस अवसर पर विशेष रूप से सनातन रक्षक महामण्डलेश्वर रामगोपालदास महाराज, राधे राधे बाबा, दादू महाराज, जानकी वल्लभदास महाराज, शत्रुध्न दास महाराज भी उपस्थित थे. साथ ही विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 3 का दशहरा मिलन समारोह भी मनाया गया. कन्या पूजन और कन्या भोज के साथ सेवा सदन का शुभारंभ हुआ. विधायक गोलू शुक्ला ने कहा विधायक बनने के बाद मैंने क्षेत्र की जनता की सेवा का संकल्प लिया था, उसी संकल्प को पूरा करने के उद्देश्य से विधानसभा क्षेत्र के 5 वार्डों के लिए नवलखा में सेवा सदन की शुरूआत की है. अब इस क्षेत्र की जनता को मरीमाता वाले कार्यालय पर नहीं आना पड़ेगा. संचालन दिनेश वर्मा व आभार आदित्य दीक्षित ने माना. इस अवसर पर दिनेश वर्मा, कैलाश यादव, एमआईसी मेंबर मनीष मामा, रूपाली अरुण पेंढारकर, पंखुडी डोसी, मृदुल अग्रवाल, रूपा दिनेश पांडे, गजानन गावड़े, भावना सुंदरलाल वर्मा, सुरेश टाकलकर. दीपेन्द्र सिंह सोलंकी, सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### कोजागरी लक्ष्मी पूजा के साथ उत्सव का समापन



इंदौर. श्री श्री सारबो-जनिन दुर्गा पूजा 2025 का समापन शरद पूर्णिमा पर श्री श्री कोजागरी लक्ष्मी पूजा के साथ हुआ. समिति के कोषाध्यक्ष अशोक मुखर्जी एवं रवि नंदी ने बताया कि बंगाली समाज में शरद पूर्णिमा पर श्री श्री कोजागिरी पूजा का विशेष महत्व है. घंटे-घडियाल और शंख की ध्वनि के साथ बंगाली समाज के सभी स्त्री-पुरुष एवं बच्चों ने भक्ति भाव से पूजा की और प्रसाद वितरण के साथ समापन हुआ.

### शादी का झांसा देकर पांच साल तक दुष्कर्म

इंदौर. बड़े निजी अस्पताल में कार्यरत महिला टेक्नीशियन ने अपने परिचित युवक योगेश परिहार पर शादी का झांसा देकर पांच साल तक दुष्कर्म और मारपीट करने का आरोप लगाया है. आरोपी हर महीने मिलने आता और शादी की बात टालता रहा, साथ ही मकान बनाने के बहाने युवती से पैसे भी लिए. सितंबर 2025 में जब पीड़िता ने शादी की बात की, तो आरोपी ने इनकार करते हुए मारपीट की. पीड़िता ने बांक थाने में शिकायत दर्ज कराई. पुलिस ने मामला पलासिया को ट्रांसफर कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है.

## महाराजा रणजीत सिंह कॉलेज विजेता




**इंदौर.** महाराजा रणजीत सिंह कॉलेज ने यूटीडी स्पोर्ट्स एसोसिएशन, देअवि द्वारा आयोजित मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग की सीधी संभाग स्तरीय अंतर महाविद्यालयिन बैडमिंटन (पुरुष) प्रतियोगिता में विजेता होने का गौरव प्राप्त किया. फाइनल मुकाबले में महाराजा रणजीत सिंह कॉलेज के ऋषभ राठौर, आदित्य ओम जोशी, सत्यम गुप्ता, धीरज वर्मा, वैभव जड़िया ने अच्छे खेल का प्रदर्शन किया. पुरस्कार वितरण डॉ. सुधीरा चंदेल निर्देशक, शारीरिक शिक्षा, दे.अ.वि.वि. इन्दौर, डॉ.सौरभ पारीख, प्राचार्य, श्री गुजराती इन्नोवेटिव कॉलेज, प्रो.अजय कुमार साहनी, अध्यक्ष, स्पोर्ट्स बोर्ड, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, स्पर्धा के पर्यवेक्षक डॉ. जॉर्ज थॉमस, डायरेक्टर, वैष्णव प्रबंध संस्थान एवं चयन समिति के सदस्य प्रो.एस.के.यादव, मो. रफी शेख, डॉ.श्रद्धा मसी के हाथों से हुआ. अतिथि स्वागत डॉ. निलेश मंडलोई. डॉ. राघव जायसवाल, अर्जुन लांबा, राजेश बागोर, जावेद खान ने किया. इस स्पर्धा के आधार पर देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इंदौर की बैडमिंटन पुरुष एवं महिला टीम का चयन किया गया, जिसमें महाराजा रणजीत सिंह कॉलेज के तीन खिलाड़ी छात्रों का चयन देअवि की बैडमिंटन (पुरुष) टीम में किया गया. इस उपलब्धि पर महाराजा रणजीत सिंह महाविद्यालय के मैनेजिंग ट्रस्टी एवं सीईओ सतविंदर सिंह, प्राचार्य, डॉ. आनंद निगोझकर, ग्रुप डायरेक्टर डॉ. इरा बापना, एमसीए डायरेक्टर, डॉ.अनिल गुप्ता, क्रीड़ा समन्वयक, डॉ. मितेश चौधरी, प्रोफेसर प्रवीण शर्मा, डॉ. गीता सनेजा, डॉ पुष्पेंद्र दुबे, डॉ. मनोज जोशी एवं कॉलेज के अन्य सभी प्राध्यापकों ने खिलाड़ी छात्रों को बधाई दी.

## मातृशक्ति की रंगारंग प्रस्तुतियों ने मोह लिया सबका मन

### आद्य गौड़ ब्राह्मण सेवा न्यास की मेजबानी में हुआ आयोजन

**इंदौर. आद्य गौड़ ब्राह्मण सेवा न्यास की मेजबानी में विद्याधाम के सभा मंडप में महामंडलेश्वर स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती के सानिध्य एवं नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, राष्ट्रकवि पं. सत्यनारायण सत्तन तथा समाजसेवी सुरेश शाहरा के आतिथ्य में रंगारंग सौम्य गरबा महोत्सव आयोजित किया गया, जिसमें मातृशक्ति द्वारा गणेश वंदना, कत्थक भैरवी नृत्य और आपरेशन सिंदूर पर आधारित गरबा नृत्य सहित अनेक प्रस्तुतियों ने देर रात तक हजारों समाजबंधुओं को मंत्र मुग्ध बनाए रखा.**



न्यास के अध्यक्ष पं. दिनेश शर्मा एवं कार्यक्रम संयोजक शीतल-अरविंद शर्मा, रंजना-अभिषेक शर्मा एवं हेमा-सूरज शर्मा ने बताया कि महोत्सव का शुभारंभ नालंबी तिवारी एवं मानवी चौहान द्वारा गणेश वंदना के साथ हुई. सात वर्षीय आरोही शर्मा ने आयाम कत्थक एकेडमी की नृत्य गुरू सुश्री स्मृति-आदित्य के मार्गदर्शन में भैरवी नृत्य की प्रस्तुति देकर सबका मन मोह लिया.

इसी तरह सनातनी गरबों की प्रस्तुति में सरस्वती शर्मा, साधना शर्मा, भारती शर्मा, सुमित्रा शर्मा, पुष्पा शर्मा, पिंकी शर्मा, हेमा शर्मा, रंजना शर्मा एवं शीतल शर्मा ने भी भारतीय धर्म संस्कृति के अनुरूप अपने गरबों की प्रस्तुतियां दीं. ऑपरेशन सिंदूर की झलक भी इस महोत्सव का मुख्य आकर्षण रही, जब भूमि-हेमंत शर्मा, तनिष्का-सूरज शर्मा, प्रियंका-आनंद शर्मा, प्रियंका-स्वागत शर्मा, प्रीति-रवि गर्ग, रंजना-अभिषेक शर्मा, हेमा-सूरज शर्मा और शीतल-अरविंद शर्मा ने हाथों में ऑपरेशन सिंदूर लिखी तख्तियां लेकर जब अपनी प्रस्तुतियां शुरू की तो समूचा मंडप भारत माता की जय के उदघोष से गूंज उठा.

वंदे मातरम और मातृशक्ति की वंदना के उद्घोष भी होते रहे. विद्याधाम स्थित गिरिजानंद सरस्वती विद्यापीठ के वेदपाठी बटुकों ने भी अपनी प्रस्तुतियां देकर दर्शकों को सम्मोहित बनाए रखा।

### वीरांगनों की भूमिका पर आधारित प्रस्तुति

एक अन्य प्रस्तुति के माध्यम से महिलाओं ने वीरांगनों की भूमिका पर आधारित गरबों का शानदार और प्रेरक प्रदर्शन किया. इस प्रस्तुति में शीतल-अरविंद शर्मा, हेमा-सूरज शर्मा, रंजना-अभिषेक शर्मा, पूर्णिमा-आशीष शर्मा, पिंकी-अखिलेश शर्मा, भारती-अरविंद शर्मा, स्वाति-विनय शर्मा, पूनम-विजय शर्मा, आरती-योगेश शर्मा, शर्मिष्ठा शर्मा, जया-उपेन्द्र शर्मा, प्रमिला पंडया, प्रीति-आशीष शर्मा एवं प्रियंका-आनंद शर्मा की भूमिका सराही गई.

# ताल और टशन गरबों पर थिरके लोग

### संस्था अग्रश्री कपल्स ग्रुप के तत्वावधान में हुआ आयोजन

**इंदौर.** गुजरात के डांडिया गरबे तो पूरी दुनिया में धूम मचाए हुए हैं, लेकिन बीती रात खजराना गणेश मंदिर प्रांगण स्थित छावछरिया प्रवचन सभागृह में मानो पूरा राजकोट और गुजरात ही उतर आया था. प्रख्यात डांडिया किंग के नाम से मशहूर वनभा झाला और उनकी टीम ने अपनी जानदार और जोशीली प्रस्तुतियों से ताल और टशन शीर्षक गरबों से ऐसा रंग जमाया कि सभागृह में मौजूद सैकड़ों लोग ताल से ताल मिलाते हुए थिरक उठे.




संस्था अग्रश्री कपल्स ग्रुप के तत्वावधान में अ.भा. अग्रवाल संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं समाजसेवी डॉ. कुलभूषण-सपना मित्तल के आतिथ्य में आयोजित इस सुहानी शाम की शुरुआत गणेश वंदना से हुई. आशना पाटनी की इस प्रस्तुति दे बाद कालिका और शुभम कालरात्रि गरबों की श्रृंखला में ईशानी दुग्गल ने नवदुर्गा की भावपूर्ण स्तुति से समूचे माहौल को भक्ति भाव से भरपूर बना दिया. क्रायांश इंटरनेशनल स्कूल के बच्चों ने भी शानदार प्रस्तुतियां दीं. राजकोट से आए डांडिया किंग के नाम से मशहूर वनभा झाला ने तो मानो अपने साथ समूचे गुजरात और कच्छ की संस्कृति को ही खजराना मंदिर परिसर में ला खड़ा किया. उनकी धुनों पर सैकड़ों दर्शक ताल से ताल मिलते रहे.

प्रारंभ में अग्र श्री कपल्स ग्रुप के संस्थापक स्वाति-राजेश मंगल, संस्थापक अध्यक्ष शीतल-रवि अग्रवाल एवं अन्य पदाधिकारियों ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम में 11 नवरात्रि कैटेगिरी अवार्ड श्रृंखला की घोषणा की. नवरात्रि एवं अग्रसेन जयंती के मिले-जुले इस प्रसंग में प्रवेश अग्रवाल सौम्या, वरिष्ठ समाजसेवी बालकिशन छावछरिया, अरविंद बागड़ी, शैलेष गर्ग, अंकित अग्रवाल तथा मोयरा ग्रुप से जुड़े विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी भी उपस्थित थे.

### समाजबंधुओं में विशेष उत्साह बना हुआ

गरबा नाईट के विजेताओं में ऊर्जा गर्ग, शुभ अग्रवाल, आशी गोयल, प्राची गर्ग, प्रमिला-संजय गोयल, पल्लवी गर्ग, स्वप्नि-हर्षिका अग्रवाल, दिवांशी गर्ग, डिम्पी गर्ग एवं पूनम अग्रवाल के नाम प्रमुख हैं. मुख्य अतिथि कुलभूषण मित्तल ने इस मौके पर कहा कि संस्था प्रतिवर्ष परंपरागत वसुधेव कुटुम्बकम अवार्ड प्रदान करती है, इसे लेकर समाजबंधुओं में विशेष उत्साह बना हुआ है.



## हर्षोल्लास से मनाया अवतरण दिवस

**इंदौर.** संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर महाराज, आचार्य समय सागर महाराज व गणिनी आर्यिका ज्ञानमती माताजी का अवतरण दिवस शहर भर के 123 जिनालयों में हर्षोल्लास से मनाया गया. दिगंबर जैन सामाजिक संसद के अध्यक्ष राजकुमार पाटोदी एवं प्रचार प्रमुख सतीश जैन ने बताया कि सभी जिनालयों में श्रीजी के अभिषेक, शांति धारा, नित्य नियम पूजन के पश्चात संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज की अष्ट द्रव्यों से विशेष पूजन की गई. सतीश जैन के अनुसार महावीर दिगंबर जैन मंदिर संगम नगर में भी आचार्य विद्यासागर महाराज की विशेष पूजन की गई. इस अवसर पर मनोज जैन, सतीश जैन, लक्ष्मीचंद जैन, रमेश जैन बंडा, कमलेश सिंघई, पीयूष जैन, राजेश गंगवाल, प्रदीप गोधा, प्रकाश चंद जैन, कैलाश चंद कासलीवाल सहित बहुत अधिक संख्या में संगम नगर दिगंबर जैन समाज के धर्मावलंबी उपस्थित थे. संगम नगर जैन समाज के अध्यक्ष अजय जैन व सचिव राकेश सेठी ने बताया कि रात्रि आचार्य श्रीजी की 108 दीपको से महा आरती की गई.



## अंतर जिला कराटे प्रतियोगिता आयोजित

**इंदौर.** यूनाइटेड शीतोरिव कराटे एसोसिएशन मध्यप्रदेश एवं मार्शल आर्ट तथा व्यायाम एसोसिएशन के तत्वाधान में अंतर जिला कराटे प्रतियोगिता माहेश्वरी हा. से. स्कूल में सम्पन्न हुई. संस्था के डायरेक्टर आशुतोष दाधीच ने बताया कि इस प्रतियोगिता में उज्जैन, महू, बड़वानी, मानपुर, बॉम्बे किड्स इंटरनेशनल स्कूल, शिवकुंज अकादेमी, गरिमा विद्या मंदिर स्कूल, भगवती कॉन्वेंट हा.से. स्कूल हातोद, के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया. मुख्य अतिथि रामशंकर सिसोदिया डीएसपी (एटीएस), विनोद बघेल(डीएसपी), देवेंद्र बाहेती (ट्रस्टी), आनंद रायकवार (अध्यक्ष मार्शल आर्ट एवम व्यायाम एसोशिएशन) वरिष्ठ पत्रकार प्रवीण जोशी, रामनाथ, देवेंद्र चौहान, रविन्द्र पंवार, चंदू कुँजीर (सैल टैक्स), संजय नजान, कुसुम नारिया रहे. संस्था अध्यक्ष अरुण कश्यप (एडिशनल एसपी) ने बताया कि प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने बहुत शानदार प्रदर्शन किया। दिनेश मटके एवं विजय बरेठिया ने आभार प्रगट किया. इस मौके पर नरेंद्र चौहान, संदीप अंबेकर, विनोद सोनवाडे, गौरव सनोटिया, मोहन सिंह चौहान, नमन ठाकुर, चाँसी मटके, प्रिया कोनहार, मीनाक्षी चौहान, प्रिया चौहान, सुमित चौधरी भी उपस्थित थे.

धर्म | रात्रि जागरण के बाद सुबह लगा 56 भोग, ढोल-ढमाको के बीच जल्दी आने का न्यौता भी

## ढाई दिन के लिए मायके आई गौरी एवं रेणुका को विदाई

**इंदौर. ढाई दिन के लिए मायके आई मां गौरी एवं मां रेणुका को महाराष्ट्रीयन पाटिल परिवारों ने ससुराल जाने के पहले धूमधाम से विदाई दी। सैकड़ों महिलाओं ने दोनों देवियों को ढोल-ढमाकों के साथ छप्पन भोग समर्पित किए, पुष्पबंगला सजाया और रातभर जागरण कर भजनों के माध्यम से उनकी वंदना भी की. पालदा स्थित शिव संकल्प परिवार से दोनों को विदाई दी गई. संयोगवश यह मौका शरद पूर्णिमा की बेला में आया.**



शिव संकल्प परिवार पालदा की नलिनी पाटिल, सत्यम-संस्कृति एवं सुमन गावंडे ने बताया कि मायके में ढाई दिनों तक मेहमाननवाजी के बाद उनकी विदाई के उपलक्ष्य में विशेष उत्सव का आयोजन हुआ. इसमें महाराष्ट्रीयन पाटिल समाज के सैकड़ों बंधुओं ने उत्साह से भाग लेकर पुष्प बंगला सजाया, फिर छप्पन भोग समर्पित किए, कतारबद्ध होकर आरती में भाग लिया और दोनों देवियों को फिर जल्दी मायके आने का न्यौता भी दिया. आरती में नगरीय विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, आशा विजयवर्गीय, विधायक रमेश मेंदोला एवं मालवांचल के अनेक संतों, महंतों ने भी मौजूदगी दर्ज कराई. शिव संकल्प परिवार के शिव पाटिल, यशवंत पाटिल एवं अन्य समाजबंधुओं ने सभी मेहमानों की अगवानी की.

### `वताओं से की थी मन्नतें...

पौराणिक मान्यता है कि मायके आने के लिए दोनों देवियों ने देवताओं से मन्नतें की थी. देवताओं द्वारा इनकार करने पर दोनों देवियों ने मायके में मिलने वाले स्नेह और प्रेम की दुहाई देते हुए वहां जाने की इच्छा जताई तब देवताओं ने प्रसन्न होकर उन्हें ढाई दिन के लिए मायके जाने की अनुमति दी. ढाई दिन मायके में रहने के दौरान समाज की महिलाएं पूरे समय व्रत, उपवास और भजन, छप्पन भोग आदि अनुष्ठानों से उनकी आवभगत के लिए रात्रि जागरण भी करती हैं और अगले दिन उन्हें विदाई देती हैं.